FORM NO. III

फर्द अहकाम

(नियम 26)

अज अदालत––जिला कलक्टर मुकाम : दौसा

रामगोपाल वगै0**बनाम** रामप्रताप वगै0

किस्म मुकदमा– प्रार्थना पत्र (14) 14 आवंटन नियम नम्बर 23/2011

तारीख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल्स जज	नम्बर व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए
08.07.2022	अधिवक्ता प्रार्थीगण व अधिवक्ता अप्रार्थी संख्या 01 उपस्थित। प्रार्थना पत्र बाबत नियत तारीख से तलब करने हेतु मूल 14 (4) आवंटन नियम पत्रावली प्रस्तुत होने पर नियत तारीख से पत्रावली तलब की जाकर आज पेश हुई। अधिवक्ता प्रार्थीगण ने एक प्रार्थना पत्र वास्ते प्रार्थीगण द्वारा प्रस्तुत प्रार्थना पत्र अंतर्गत नियम 14(4) उनवानी प्रकरण रामगोपाल बनाम रामप्रताप वगै0 को आगे नहीं चलाना अंकित करते हुए प्रार्थीगण द्वारा प्रस्तुत प्रार्थना पत्र 14(4) आवंटन नियम 1970 नोट प्रेस में खारिज करने हेतु निवेदन किया है। प्रार्थना पत्र एवं मूल पत्रावली का अवलोकन किया गया। अधिवक्ता प्रार्थीगण एवं अधिवक्ता अप्रार्थी संख्या 01 को सुना गया। अधिवक्ता प्रार्थीगण ने बहस में कथन किया कि न्यायालय में प्रार्थीगण द्वारा प्रस्तुत प्रार्थना पत्र अंतर्गत नियम 14(4) उनवानी रामगोपाल बनाम रामप्रताप वगै0 विचाराधीन है। उक्त प्रकरण में उभयपक्षकारान के मध्य आपसी सहमति से राजीनामा हो गया है। अतः प्रकरण नोट प्रेस में खारिज फरमा दिया जावे। अधिवक्ता अप्रार्थी संख्या 01 ने विचाराधीन प्रार्थना पत्र आवंटन नियम 14(4) को नोट प्रेस में खारिज किये जाने में कोई आपत्ति नहीं होना जाहिर किया गया। अतः प्रार्थीगण द्वारा प्रस्तुत प्रार्थना पत्र बाबत प्रकरण नोट प्रेस में खारिज किये जाने स्वीकार किया जाता है। प्रकरण उनवानी रामगोपाल बनाम रामप्रताप वगै0 प्रकरण संख्या 23/2011 नोट प्रेस में खारिज किया जाता है। पत्रावली फैसल शुमार होकर नंबर से कम हो । बाद पूर्ति पत्रावली प्रविष्ठ लेख भंडार हो। खुले न्यायालय सुनाया गया। जिला कलेक्टर दौसा	प्रार्थी अधिवक्ता जिला अभिलेखागार कलक्टर दौसा को पत्रांक 1673 दिनांक 14/07/22 द्वारा मूल आवंटन पत्रावली प्रेषित

सत्यमेव जयते
Web Copy - Not Official

Signature Not Verified

Digitally signed by Qummer Ul Zaman Choudhary
Date: 2022.11.24 09:57:22 IST
Reason: SelfAttested